# जिलाधिकारी ने की जिला गंगा, पर्यावरण और वृक्षारोपण समिति के संग बैठक

## प्रदूषण मुक्त मथुरा बनाने के दिए निर्देश, कंपनी के कार्यों पर निरंतर निगरानी रखें

**तेजयुग न्यूज**




**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त नालों की टैपिंग करे, एटीपी प्लांट को निरंतर संचालित करते हुए सफाई की जाए तथा नालों का पानी यमुना जी न जाए एहसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए जा रहे हैं उनका निरीक्षण करते रहें तथा फैक्ट्री, कम्पनी, फर्म आदि द्वारा प्रदूषण मानकों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करवाया जाए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, उसका समय समय पर निरीक्षण करते रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल बेस्ट उठाने वाली कम्पनी को निर्देशित किया जाये कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगायें तथा कंपनी के कार्यों पर निरंतर निगरानी रखें।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में कारखानों, प्लांट एवं फैक्ट्री में प्रदूषण मानकों की जांच निरंतर करते रहे। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, नगर निगम तथा समस्त ईओ को निर्देश दिए कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट का निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये तथा वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करे। सॉलिड वेस्ट को ग्राम स्तर पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यमुना जी के किनारे स्थित 67 ग्रामों के नालों का पानी यमुना में नहीं जाना चाहिए।

यमुना जी को स्वच्छ रखें। श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर निगम, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सभी वार्डो में स्वच्छता का विशेष ध्यान दे और कूड़ा का उठान समय से कराते हुए निगरानी भी करे। जिलाधिकारी ने घाटों पर आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, डीसी मनरेगा विजय पाण्डेय, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवध विवि में फार्मेसी एजुकेशन के जनक एम.एल श्रॉफ की जयंती मनाई गई

**अयोध्या:** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में फार्मेसी एजुकेशन के जनक एम.एल. श्रॉफ की 122वीं जयंती मनाई गई। इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में 'इंडस्ट्री अकादमिया पार्टनरशिप फॉर इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बी.आर.डी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर के डॉ संदीप कुमार सिंह ने छात्रों को बताया कि फार्मेसी एजुकेशन के क्षेत्र में एम.एल. श्रॉफ के योगदान को भुलाया नही जा सकता। उन्होंने श्रॉफ की सराहना करते हुए कहा कि फार्मेसी एजुकेशन से फार्मास्यूटिकल उद्योग को एक नई दिशा मिली है।

# सीतापुर चिकित्सालय द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन



*पचपेड़वा (बलरामपुर)/मोहम्मद रईस : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में आज सीतापुर चिकित्सालय द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 मरीजों के आंखों की जांच करके दवाई व चश्मा दिया गया। जांच शिविर में डॉक्टर गयासुद्दीन खान, डॉक्टर आकांक्षा सिंह इसराफिल अली सिद्दीकी, नेत्र परीक्षण अधिकारी आदि मौजूद रहे।*

# पत्रकारों को होली मिलन समारोह 10 को

**अश्फाक चौधरी मथुरा**

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा ब्रज क्षेत्र के सम्मानित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट से जुड़े सभी पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को आयोजित किया जा रहा है। ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को डेम्पियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल में प्रातः 10 से 12:00 बजे के मध्य आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के स्वरूपों के मध्य मनभावन फूलों की होली की प्रस्तुति होगी। होली महोत्सव की तैयारियो को पूर्ण कर लिया गया है जिसमें ब्रज क्षेत्र से सभी पत्रकारों के अलावा जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया है। होटल में ही सबके लिए सहभोज की व्यवस्था रहेगी। ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री उपमन्यु ने सभी से 10 मार्च को रविवार के दिन प्रात 10:00 बजे समय से पहुंचने का आह्वान किया है।



# ब्लाक स्तर पर सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती की तिथि हुई निर्धारित

**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या:** एस आई एस इंडिया लि0 जौनपुर के बैनर तले सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्ती के लिए विकास खण्ड मुख्यालय पर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। कंपनी के डिप्टी कमांडेंट बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा।

> ➤ जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा

विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 06 और 07 मार्च को मसौधा और मिल्कीपुर ब्लॉक, 08 और 09 को बीकापुर और हैरिंग्टनगंज ब्लॉक, 10 और 11 मार्च को तारून और रुदौली, 12 और 13 मार्च को पूराबाजार और मवई ब्लॉक, 14 और 15 मार्च को सुहावल और मयाबाजार, 16 मार्च को अमानीगंज ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। जिला विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को शिविरो के सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी मनीष कुमार व चंदन मौर्य द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे।

भर्ती अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 21 से 36 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। नौकरी के दौरान पीएफ, ई एस आई, ग्रेच्युटी, इन्स्योरेंस, पेंशन, एवं अन्य व्यवस्था भी होगी।

# ग्राम प्रधान तहसीना ने स्वच्छ चलाया भारत मिशन अभियान

**तेजयुग न्यूज**



**हापुड़ :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के ग्राम बदरखा में स्वच्छ भारत मिशन की तस्वीर देखने को मिली है। जहां पर ग्राम प्रधान तहसीना ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया हुआ है जिसके अंतर्गत जहां भी कूड़ा करकट जमा है। वहां पर साफ सफाई अभियान चलाया गया है।

ग्रामीणों की माने तो उनका कहना है कि ग्राम प्रधान स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर सभी ग्रामीणों को जागरूक भी करती रहती है। हम सभी ग्राम प्रधान की कार्यशैली से बहुत खुश है। समय समय पर ग्राम प्रधान हमें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देती है। पेंशन हो या राशन हो सभी ग्रामीणों से जानकारी करती रहती है। ग्राम प्रधान बदरखा ये कार्य करने का तरीका बेहद ही अनोखा है। जिससे और ग्राम प्रधानो को भी सीख लेनी चाहिए। जब आपके ग्राम में साफ सफाई रहेगी तो बीमारी भी आपसे कोसों दूर रहेगी इसी सोच को लेकर ग्राम प्रधान हमेशा सचेत रहती है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किशोरियों को वितरित की गई आयरन फोलिक एसिड की दवाएं

**तेजयुग न्यूज**



**मथुरा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि बुधवार को विकास खण्ड मथुरा, फरह, गोवर्धन, चौमुहाँ, छाता, नन्दगाँव, बल्देव एवं राया के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद की किशोरियों को एनीमिया मुक्त सशक्त बनाने एवं मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी हेतु एक नई पहल के तहत मिशन सखी के नाम से एक विशेष कार्यक्रम चलाया गया।

मिशन सखी अभियान दिनांक 27 फरवरी, 2024 से लेकर 10 मार्च 2024 तक पूरे जनपद में संचालित होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 11 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक की किशोरियों की एनीमिया की जांच की गयी तथा उन्हें आयरन फोलिक एसिड की दवाएं वितरित की गयी तथा एक माह पश्चात इसका फॉलो अप भी किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी और बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, परिवार नियोजन तथा गुड टच बैड टच की जानकारी भी दी गयी। जनपद के सभी विकास खण्डों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा निर्धारित तिथियों पर न्याय पंचायत में जाकर बालिकाओं का एनीमिया टेस्ट किया जाएगा।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ पीएम को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा

**तेजयुग न्यूज**




**अयोध्या:** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या इकाई ने प्रधानमंत्री के नाम एक सात सूत्रीय मांग पत्र जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार मिश्रा, मण्डल संरक्षक सुधाकर श्रीवास्तव, मण्डल मुख्य महासचिव अनिलकुमार के नेतृत्व में जिलाअधिकारी नीतीश कुमार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर पत्रकार हितों को लेकर सात सूत्री माँग पत्र सौंपा है। पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अधिमंता हेतु बनाई गई मान्यता नियमावली में एकरूपता बनाए जाने की व्यवस्था पूरे देश में समान रूप से लागू होनी चाहिए।

जिला अध्यक्ष ने कहा पूरे देश के पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों का इलाज मुफ्त किए जाना चाहिए। देश में पत्रकारों में उनके परिजनों की सुरक्षा कानून सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश में कानून बनाकर लागू किया जाय। आए दिन हो रही पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि को रोकने के लिए कारगर उपाय सदन में इस पर विचार कर कानून बनाया जाए। देश भर के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके पत्रकारों को 30000 रुपया मानदेय देने की व्यवस्था बनाई जाए। मान्यता प्राप्त तथा स्वतंत्र पत्रकार जो 20 वर्ष तक पत्रकारिता में रहे हो उन्हें शामिल किया जाए। मान्यता प्राप्त की बाध्यता को हटाया जाए जिससे सभी पत्रकारों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में जिला मुख्य महासचिव उमाशंकर मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला संगठन सचिव बृजेश तिवारी, सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# साकेत सदन निर्माण व विकास कार्यों की जिला अधिकारी ने की समीक्षा





**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या:** धाम में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे धारा रोड के समीप पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे साकेत सदन के विकास कार्यो के प्रगति की जिला अधिकारी नीतीश कुमार ने समीक्षा किया। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई-11 ने बताया कि साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि साकेत सदन परिसर में टिकट काउन्टर का कार्य स्लैब स्तर तक पूर्ण एवं शोविनियर शॉप (बी-2) का कार्य पूर्ण है। मुख्य भवन के स्लैब का कार्य प्रगति पर है, टाइलेट के स्लैब का भी कार्य पूर्ण है। इंट्रेंस प्लाजा का कार्य प्रगति पर है। इण्टरपीटेशन वाल के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यो को संरक्षण तकनीक से कुशल कारीगरों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराने तथा निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम में ऐतिहासिक भवनो को सजाने-सवॉरने का कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है। इसी के क्रम में साकेत सदन परिसर में 1756 से 1775 ई0 के मध्य निर्मित ऐतिहासिक भवनो का जीर्णोद्धार उसके निर्माण के समय प्रयोग की गई सामाग्रियो से ही किया जा रहा है। इसका सम्पूर्ण कार्य चूना, सुर्खी, शीशा, मेथी, उड़द की दाल, गोंद, गूगल, बेलगिरी पाउडर आदि पदार्थो निर्माण सामाग्रियो को मिलाकर बनाये गये मोटार मसाले का ही प्रयोग किया जा रहा है। जिसके पूर्ण होने पर इन भवनों की भव्यता एवं प्राचीनता दिखाई देगी और पर्यटकों को एक और सुंदर पर्यटन स्थल उपलब्ध होगा। अयोध्या एक वैश्विक केन्द्र बन रहा है। यह वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन नगरी के रूप में तेजी से उभर रहा है।

इसी के क्रम में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जा रहे साकेत सदन में स्थित मुख्य भवन में रेस्टोरेंट विकसित किया जा रहा है। यहां आगन्तुकों हेतु मनोरंजन के लिए ओपेन एयर थियेटर होगा। एक भवन में म्यूजियम काम्पलेक्स भी बनाया जायेगा, इसमें ऐतिहासिक वस्तुओं एवं साहित्यों को संजोया जायेगा। साकेत सदन में इण्टर पटेशन वाल, इंट्रेंस प्लाजा के साथ ही परिसर में लैण्ड स्केपिंग कर आकर्षक फूल-पौधे व कोवोल स्टोन के पाथ-वे सहित विभिन्न कार्य किये जायेंगे तथा भवनों पर आकर्षक मुखोटा रोशनी भी की जायेगी।

# श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन हुआ एलर्ट

## महाशिवरात्रि, नवरात्रि, रामनवमी सहित महत्वपूर्ण त्योहारों को लेकर सुरक्षा पुख्ता करने का निर्देश दिया

**तेजयुग न्यूज**




**अयोध्या :** आगामी महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं रामनवमी आदि महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान श्री राम जन्म भूमि मंदिर में दर्शनार्थियो की भीड़ बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत उक्त त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पूर्व से तैयारी किये जाने के लिए जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ अपर पुलिस महानिदेशक अमरेन्द्र कुमार सेंगर, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आई.जी. प्रवीण कुमार जिलाधिकारी नीतीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर के साथ आयुक्त सभागार में गोष्ठी आहूत की गयी। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत हमें टीम इंडिया की भावना के अनुसार कार्य करना है। जिसमें सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर एक ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे त्यौहारों के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें। जो-जो स्थान आगामी रामनवमी मेले के दृष्टिगत महत्वपूर्ण है उनका पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्टेट द्वारा ज्वाइंट सर्वे कर पूर्व से ही तैयारियां कर लिया जाये।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि आगामी समय में महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं रामनवमी के महत्वपूर्ण पर्व होंगे, जिसमें आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक होगी इसके दृष्टिगत अभी से सभी सम्बंधित मजिस्टेट एवं पुलिस अधिकारी तैयारियां कर लें तथा सभी स्थानों का ज्वाइंट सर्वे भी कर ले। मेला क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बनाये गये 'मे आई हेल्प यू' बूथ को फेसलिटी सेन्टर के रूप में विकसित किया जाय, जिसमें स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग के प्रतिनिधि रहे तथा उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिए बैनर भी लगाये जाय। मेला क्षेत्र में जो भी व्यवस्थायें की जाय सभी व्यवस्थायें यथासम्भव स्थायी हो तथा धर्मपथ पर लगे स्पीकर का भी इस्तेमाल मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जाय। मेला के दौरान शौचालय साफ सुथरा रहे, शौचालय के साफ-सफाई से सम्बंधित कोई भी शिकायत न आने पाये।

महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों में आने वाली भीड़ की संभावना के दृष्टिगत अधिक से अधिक होर्डिंग एरिया का चिन्हांकन कर उनका ज्वाइंट सर्वे कर लिया जाय, जिससे कि भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। दर्शन उपरांत श्रद्धालुओं को अपने गन्तव्य तक ले जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में बसों की व्यवस्था पूर्व से ही कर लिया जाय तथा अयोध्या धाम के आसपास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर लिया जाय। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अपर जिलाधिकारी नगर से कहा कि मेला सम्बंधी समस्त कार्य नगर निगम व विकास प्राधिकरण से समन्वय बनाकर किया जाय तथा सभी महत्वपूर्ण स्थानों का मजिस्टेटगण व पुलिस अधिकारीगण निरीक्षण कर जो कमियां हो उसे पूर्व से ही दुरूस्त करा लें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बताया कि आगामी रामनवमी मेले में सम्भावित भीड़ के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन की योजना बनायी गयी है। अयोध्या को जोड़ने वाली समस्त राष्ट्रीय राजमार्गो के किनारे 5-5 एकड़ भूमि का चयन पार्किंग हेतु किया गया है, जिससे कि भीड़ के दौरान यातायात सुगम रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त/सी0 ई0 ओ0 तीर्थ विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा, ज्वाइंट मजिस्टेट/उप जिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खड़िया, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरूद्ध प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मधबुन कुमार सिंह, एडी आर एम रेलवे सहित समस्त उपजिलाधिकारी गण एवं सम्बंधित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।